हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री



14 केशवा जलाशय से रबी फसल के लिए किसानों व ...



14 महासमुंद-बलौदा बाजार सेक्टर स्तरीय क्रिकेट ...



## खबर संक्षेप

### माजदा की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** टेका के आगे पेट्रोल पंप के पास माजदा वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बिलास बरिहा निवासी ग्राम डोंगरीपाली ने बताया कि 17 दिसंबर को उसका पुत्र अश्विनी बरिहा अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06 जी 8634 से शाम करीबन 06 बजे घर से मेमरा बाजार गया था, वापस आते समय रात करीबन 8.30 बजे टेका के आगे पेट्रोल पंप के पास पीछे की ओर से आ रहे वाहन माजदा क्रमांक टीएस 19 टीए 3459 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके पुत्र के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, अश्विनी के सिर, पैर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालके के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### 29 से कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल

**महासमुंद।** 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा 29 से 31 दिसंबर तक हड़ताल की घोषणा की गई है। तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी ने बताया कि मांगों में प्रमुख रूप से केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों और पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू किया जाए, डीए एरियर की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समाहित किया जाए, सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान, वेतनमान, विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगति दूर करने, प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा का लाभ, पंचायत सचिवों का शासकीय करण, सहा. शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान, अनुकंपा नियुक्ति में 10 फीसदी सिलिंग में शिथिलीकरण की मांग शामिल है। तिवारी ने बताया कि सरकार बने 2 साल हो गए। लेकिन, जो वायदे चुनाव के दौरान किए गए थे वह पूरे नहीं किए गए।

# ठंड से जनजीवन प्रभावित, जिला अस्पताल में लग रही मरीजों की कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दिसंबर माह के आखिरी पखवाड़े में ठंड चरम पर है। दिनभर गुनगुनी ठंड और देर शाम से सुबह तक कपकंपा देने वाली ठंड जनजीवन पर असर डाल रहा है। लगातार गिरते न्यूनतम तापमान का असर लोगों के स्वास्थ्य पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल से जिले स्वास्थ्य व उप स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा निजी चिकित्सालय व क्लीनिकों में सर्दी-जुकाम, दमा से पीड़ित मरीज व मौसमी बीमारी से पीड़ति लोगों की संख्या बढ़ रही है। बता दें कि इस बार नवंबर माह के पहले सप्ताह से ही जिले में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। इस बीच तापमान में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिला। नवंबर के आखिरी पखवाड़े से अब तक न्यूनतम तापमान में लगातार कमी आ रही है। जिससे जनस्वास्थ्य पर इसका असर दिख रहा है। जिला अस्पताल में इन दिनों वायरल फीवर, सर्दी- जुकाम और खांसी सहित दमा से पीडित मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। मरीज सुबह 10 बजे से ही जिला अस्पताल पहुँचकर कतार लगाकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार अभी रोजाना करीब 700 मरीज इलाज कराने पहुँच रहे हैं। इनमें से अधिकांश मरीज सर्दी-जुकाम, खांसी व वायरल बुखार से पीड़ति हैं। चिकित्सकों के अनुसार इन दिनों लगातार ठंड बढ़ने के कारण कमजोर इम्यूनिटी वाले और बच्चे, बुजुर्गों में वायरल फीवर, सर्दी- खांसी व अन्य मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को उचित देखरेख की जरूरत होती है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को। मरीजों को गर्म कपड़े पहनने।

## लगातार गिरते न्यूनतम तापमान का असर पड़ रहा लोगों के स्वास्थ्य पर

### ठंड से बढ़ा गर्म कपडों का बाजार

बढ़ती ठंड के साथ गर्म कपड़ों का बाजार गर्म हो गया है। शहर के चौराहों और प्रमुख बाजारों में स्वेटर, जैकेट, कोट, टोपी, मफलर, शॉल और बच्चों के लिए खास विंटर वियर की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। सुबह से देर रात तक लोग अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार गर्म कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं।



### न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक

ग्रामीण इलाके, नदी, पहाड़ी इलाकों में शीतलहर चल रही है। देर शाम से सुबह तक अब न्यूनतम तापमान 10-11 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुँच रहा है। जबकि दिन में यह लगभग 22-24 डिग्री तक है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन - चार दिनों तक तापमान यूं ही बना रहेगा। बाद न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट आएगी, जिससे ठंड और बढ़ने की संभावना है।

## रोष: भाजपा सरकार द्वारा की जा रही राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई का विरोध

# भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले कांग्रेसियों को दो जगह पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नेशनल हेराल्ड मामले में पीसीसी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में गुरुवार को कांग्रेसजनों ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेसियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं अन्य के पक्ष में दिए गए न्यायपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए लोकतंत्र एवं संविधान की जीत का संदेश देते हुए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा की जा रही राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई का विरोध किया।

भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले कांग्रेसियों को रोकने के लिए दो जगह पुलिस द्वारा बेरिकेडिंग की गई। जिसे लांघते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण लेकिन सशक्त तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।



**खास बातें**

- नेशनल हेराल्ड प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेसियों ने किया जोरदार प्रदर्शन
- सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश ने बताया सत्य, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत

### संस्थाओं के दुरुपयोग में माहिर है भाजपा : द्वारिकाधीश



पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने कहा कि शासन द्वारा जिस तरह से विपक्षी पार्टी को प्रताड़ित करने के लिए ईडी सीबीआई एवं अन्य शासकीय संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है उसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने चेतावनी दी कि बीजेपी शासन विपक्ष को बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। इस कारण उल-जुलूल केस करके फर्जी मामले बनाए जा रहे है जो कि देश हित में नहीं हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय सत्य, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। भाजपा द्वारा कांग्रेस नेतृत्व को बदनाम करने और दबाने के लिए की जा रही साजिशें बार-बार न्यायपालिका के समक्ष असफल हो रही हैं।

### प्रदर्शन में यह रहे मौजूद

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत सिंह चावला, बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलु निषाद, बागबाहरा शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह दीवान, सेवालाल चंद्राकर, मनोजकांत साहू, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, गुरमीत सिंह चावला, वीरेंद्र चंद्राकर, गिरीश पटेल, प्रदीप चंद्राकर, नितेंद्र बेनर्जी, गोपी तारक, राजू साहू, तबरेज खान, देवेश शर्मा, गौरव चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, मोहम्मद इमरान कुरैशी, सोनम रामटेके, कमल प्रजापति, भारत सिंह ठाकुर, दाऊलाल चंद्राकर, एडिशन ठाकुर, दुर्गेश यादव, मनोहर ठाकुर, मोक्ष प्रधान, कमलनयन प्रधान, निर्मल प्रधान, मुबारक खान, अनीश राजवानी, मुस्ताक खान, अरिन भागीरथी चंद्राकर, बादल बघेल, बसंत चंद्राकर, सन्नी महानंद, शकील खान, फिरोज मेमन, गणेश शर्मा, शमीम खान, जसबीर सिंह ढिल्लो, हार्दिक सोना, प्रकाश अजमानी, डॉ एजाज नकवी, पारस सांखला, शहजान पाशा, नवनीत सलूजा, राजेश सिन्हा, रिंकू चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, रवि साहू, मेहूल सूचक, राजेंद्र साहू, लहरी सिंह ठाकुर, मिंदर चावला, लखन लाल चंद्राकार, अमर अरुण चंद्राकर, अमन चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर, विराज चंद्राकर, आकाश निषाद, युवराज साहू, अन्नू चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, खेमराज सिन्हा, पूनम मानिकपुरी, देवनाथ साहू, राहुल यादव, आदित्य बोकडे, आदित्य चंद्राकर, उमेश साहू, दुर्गेश यादव, आशीष दीवान, तन्मय चंद्राकर, निखिल अग्रवाल, साहिल वारसी, प्रतीक चंद्राकर आदि पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फर्नीचर दुकानों की जांच में मिली गड़बड़ी, तलाशी के बाद हुई सील करने की कार्रवाई

- फर्नीचर मार्ट को किया सील, मिनी आरा मशीन सहित अन्य समाग्री जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

फर्नीचर की दुकानों में अवैध लकड़ियों के परिवहन/संग्रहण की जांच के दौरान दुकान में फर्नीचर मार्ट का रिकॉर्ड संधारित नहीं पाया। अनियमितता पाए जाने पर दुकान को सील कर दिया गया है। विभागीय अफसरों को मुखबिर से मिली सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली प्रत्युष टांडेय द्वारा कर्मचारियों की टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से ग्राम बंसुला के तुलसी साव पिता जनक राम साव के बसना से पदमपुर मार्ग में स्थित जगदंबा फर्नीचर मार्ट में फर्नीचर मार्ट तलाशी वारंट देकर नियमानुसार तलाशी की कार्रवाई की गई।

तलाशी उपरांत सागौन चिरान 334 नग साल चिरान 140 नग लगभग 1.540 घ.मी. प्राप्त हुआ एवं उन्ही के फर्नीचर मार्ट के पीछे लगभग 700 मी में सागौन लट्ठा 84 नग 4.000 घमी, साल लट्ठा 31 नग लग भग 2.350 घमी, कुल योग 7.89 घमी, डायनिंग चेयर 17 नग, सोफा 3 सीट 06 नग, सोफा सिंगल 06 नग, मंदीर 02 नग, दरवाजा पल्ला 14 नग, दरवाजा फेम 02 नग, टी टेबल 10 नग, खिड़की फ्रेम 16 नग, खिड़की चौखट 01 नग, टी टेबल फेम 03 नग, कुर्सी 01 नग, पंलग नया 01 नग, टी टेबल स्टेन 02 नग, झुला 01 नग, दिवान फ्रेम 02 नग, दिवान मुण्डी (बस्तर आर्ट) 09 नग, दीवान फ्रेम (बस्तर आर्ट) 08 नग, चौखट बड़ा (बस्तर आर्ट) 03 नग, चौखट छोटा (बस्तर आर्ट) 04 नग, खिड़की फ्रेम (बस्तर आर्ट) 08 नग जब्त किये गये काष्ट एवं फर्नीचर का अनुमानित बाजार कीमत रू. 7-8 लाख है, एवं साथ में बढ़ाई गिरी औजार राउटर ए 02 नग, रेंदा 02 नग, ड्रिल मशीन 01 नग, कटर 01 नग, राउटर बी 01 नग, आरी छोटा 01 नग, आरी बड़ा 03 नग, बटासी 02 नग, बड़ा कटर 01 नग, सिंकजा 03 नग, विद्युत चलित रेंदा 01 नग नया, विद्युत चलित रेंदा 01 नग पुराना, खराद मशीन 01 नग, मिनी आरा मशीन 01 नग जब्त किया गया है एवं विद्युत रेंदा मशीन 01 नग, मिनी बेंड सॉ मशीन 01 नग, खराद मशीन 01 नग तथा फर्नीचर मार्ट को सील कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 72 (1) (ग) या छ.ग. वनोपज (व्यापार विनिमयन) अधिनियम 1969 की धारा 15 (1) के अंतर्गत कार्रवाई कर वन अपराध प्रकरण कमांक 19920/16 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**कार्रवाई में यह रहे शामिल**

कार्रवाई में योगेश्वर कर वनपाल स.प.अ. सिंघोडा, रविलाल निर्मलकर, वनपाल स.प.अ. बलौदा, योगेश्वर निषाद, वनपाल, स.प.अ. अनिल कुमार प्रधान, वनपाल, स.प.अ. पालीडीह, सरायपाली परिक्षेत्र के समस्त वनरक्षक (बीएफओ) एवं सुरक्षा श्रमिकों का सराहनीय योगदान रहा।

### 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम महासमुंद में कल से

**महासमुंद।** स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की आरएएमपी योजना के तहत बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, कांकेर, कोंडागांव व राजनांदगांव में 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से पाजिटिव मंत्रा कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। । जारी सूचना के अनुसार 19 दिसंबर से बालोद, गरियाबंद व राजनांदगांव में प्रशिक्षण आरंभ किया जाएगा। वहीं 20 दिसंबर से महासमुंद व कांकेर में तथा 22 दिसंबर से कोंडागांव में प्रशिक्षण आरंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यम स्थापना की प्रक्रिया, व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय साक्षरता, बैंक ऋण एवं सरकारी योजनाएं, लागत एवं लाभ विश्लेषण, गुणवत्ता मानक, डिजिटल मार्केटिंग, बाजार से जुड़ाव, जोखिम प्रबंधन तथा एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित व्यावहारिक जानकारियाँ प्रदान की जाएंगी। इच्छुक युवा जो स्वयं का व्यावसाय प्रारंभ करना चाहते हैं, स्थापित एमएसएमई उद्यमी, महिला उद्यमी तथा महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता एवं पंजीकरण प्रक्रिया हेतु अपने संबंधित जिले के जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

# बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ससुराल से वापस आ रहे एक व्यक्ति की बाइक की टक्कर से मौत हो गई। वहीं एक घायल हो गया। मामला बसना थाना अंतर्गत ग्राम नरसैयापलम का है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को ग्राम बम्हनी निवासी देव प्रकाश साहू अपने साथी हीरालाल सिदार के साथ अपनी मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी06जीपी3240 से ससुराल बंसुला गया था, जो शाम को वापस अपने घर आ रहा था। मोटर सायकल को देव प्रकाश साहू चला रहा था। शाम करीबन 6 बजे बसना से बिलाईगढ मार्ग में ग्राम नरसैयापलम के पास सामने की ओर से आ रहे मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी06जीएक्स5198 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए देव प्रकाश साहू की मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे देव प्रकाश साहू व उसका साथी हीरालाल सिदार मोटर सायकल समेत गिर गये। घटना में देव प्रकाश साहू के सिर, चेहरे व शरीर के अंदरूनी हिस्सों में चोट आयी व उसके साथी हीरालाल सिदार के सिर एवं बांए पैर में चोट आयी, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी बसना ले जाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने के बाद देव प्रकाश साहू की मौत हो जाना बताया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## सांकरा क्षेत्र में 10 भैंसों को बूचड़खाना ले जा रहे दो लोगों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** भैंसों को ओडिशा के बूचड़खाना ले जा रहे दो लोगों के खिलाफ सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 10 भैंसों को छुड़ाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सांकरा पुलिस वन विभाग फारेस्ट नाका झगरेनडीह के स्टाफ के द्वारा फोन के माध्यम से सूचना दी गई कि कुछ व्यक्ति दो पिकअप वाहन में बिलाईगढ की ओर से ओडिशा की ओर गौवंश प्रजाति के भैंसों बूचड़खाना ओडिशा ले जा रहे थे और वाहन को झगरेनडीह बेरियर में रोककर खड़ा किए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पाया कि दो पिकअप वाहन में 10 नग गौवंश प्रजाति के भैंस मिले। वाहन क्रमांक ओडी 26 ई 1144 के चालक को पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पुकू राउत पिता लेखराम राउत (26 साल) ग्राम महातमतोरा थाना खरियार रोड ओडिशा और वाहन क्रमांक ओडी 05 बीसी 8415 के चालक खेमराज राउत पिता कुंज लाल राउत (21 साल) ग्राम भैंसाताल थाना खरियार रोड ओडिशा होना बताए। वहीं पिकअप में रखे गौवंश प्रजाति के भैंसों ओडिशा के बूचड़खाना ले जाना बताए। पुलिस ने दोनों वाहनों से कुल 10 भैंस कीमत 3,50,000 एवं घटना में प्रयुक्त दो नग पिकअप वाहन कीमत 600000 रुपए कुल कीमत 9,50,000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की।

## दुर्घटना में एक मृत, घटनास्थल से मृतक की बाइक, मोबाइल, सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

इस महीने की 5 तारीख को एक्सीडेंट में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में पिथौरा पुलिस ने जांच की है। जांच के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस ने मर्ग क्रमांक 74/2025 धारा 194 बीएनएसएस मृतक संतोष कुलदीप पिता गुजराज कुलदीप (42 वर्ष) जोरातराई थाना पटेवा जिला महासमुंद की एक्सीडेंट में मौत के मामले की जांच की। जांच के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, शव निरीक्षण, परिजन, पंचानों, गवाहों का कथन लिया गया। जिन्होंने अपने-अपने कथन में बताया कि मृतक संतोष कुलदीप 03.12.2025 को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 3642 से अपने बड़े पिताजी अगनु कुलदीप के घर ग्राम पंडरीखार गया था। 04.12.2025 को ग्राम पंडरीखार से ग्राम घोंच युगल किशोर साहू के घर आया था। इसके बाद वह रात 8.30 बजे से 05.12.2025 की सुबह 07 बजे के मध्य अपनी मोटर सायकल से घर वापस आ रहा था। ग्राम सोनासिल्ली से दुरूगपाली के बीच नाला के पास मोटर सायकल के अनियंत्रित होकर गिरने से सिर में आई चोट आने के कारण संतोष कुलदीप की मौत हो गई। इसी बीच मृतक संतोष कुलदीप का मोबाइल, मोटर सायकल व उसमें रखे कार्टून को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। जांच में मोटर सायकल चालक संतोष कुलदीप मोटर सायकल को लापरवाहीपूर्वक चलाकर स्वयं गिरकर चोट लगने से मौत होने तथा संतोष कुलदीप की मोटर सायकल, मोबाईल, कार्टून को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने से अपराध धारा 106(1), 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है

## नगर के तहसील कार्यालय के पास शहीद वीर नारायण सिंह प्रतिमा के लिए भूमिपूजन

# शहीद वीर नारायण सिंह पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोतः नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जनजातीय गौरव दिवस पर 18 दिसंबर को तहसील कार्यालय के पास शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित किए जाने के लिए का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने की।

मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आज गुरु घासी दास जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। और ऐसे विशेष अवसर में जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं, जो यह गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह केवल आदिवासी समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध सबसे पहले संगठित संघर्ष कर देशभक्ति, साहस और त्याग का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।



अध्यक्षीय उद्बोधन में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने दिया। समाज के पदाधिकारी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाकर समाज को दिशा दी। कार्यक्रम को समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी कमलेश ध्रुव एवं आरएन ध्रुव ने भी संबोधित किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत पर अपने प्रेरक विचार रखें। इन्होंने कहा कि दोनों वीर अंग्रेजी हुकूमत और प्रतिकूल परिस्थिति के खिलाफ उठ खड़े हुए।

कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, परिक्षेत्र एवं बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुआ।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### सोहम हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 14 दिसंबर रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ सोमी चंद्राकर एवं डॉ युगल चंद्राकर मौजूद रहे। शिविर में 35 मरीजों का निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया है। वहीं 40 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, पथरी, पेट में जलन गैस, चमड़ी के रोग साइटिका, सर्वाइकल, दाद-खाज खुजली इत्यादि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया। जिले के हर बागबाहरा, तुमगांव, पिथौरा समेत आसपास के कई गांव के लोग इस शिविर से लाभान्वित हुए। सोहम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर रखा गया।

### नबीन के अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार

**महासमुंद।** भाजपा के नवनियुक्त



राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को नए दायित्व मिलने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के इस निर्णय से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। साहू ने कहा कि 5 बार के विधायक और बिहार सरकार में मंत्री नबीन के अनुभव का लाभ छत्तीसगढ़ को मिलता रहा है। वे छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के रूप में पार्टी को नई दिशा देने में सफल रहे। उनके नेतृत्व में युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान कर सार्वजनिक जीवन में सेवा को आत्मसात करने का प्रेरणापूंज बनेगा।

### समाज सुधार के महान मार्गदर्शक थे गुरु घासीदासः मोक्ष

**बसना।** बाबा गुरु घासीदास की



जयंती पर जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने क्षेत्र की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु घासीदास केवल एक संत ही नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाले महान समाज सुधारक थे, जिनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस समय थे। मोक्ष कुमार प्रधान ने बताया कि गुरु घासीदास ने अपने पूरे जीवन में सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त ऊँच-नीच, छुआछूत, भेदभाव और अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया और लोगों को जागरूक किया। मनखे-मनखे एक समान का उनका अमर संदेश सामाजिक समरसता और भाईचारे की मजबूत नींव रखता है।

# सेजेस भंवरपुर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ रजत जयंती 2025 अंतर्गत बाबा गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसंबर को जिला प्रशासन एवं संगीता सिंग उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भंवरपुर में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत मोंगरा किशन पटेल, अध्यक्षता कृष्ण कुमार सिदार सरपंच ग्राम पंचायत भंवरपुर, विशिष्ट तिथि देवकी पुरुषोत्तम दीवान सभापति जिला पंचायत, लोकनाथ बारी सदस्य जिला पंचायत, कृष्ण कुमार पटेल सदस्य जनपद पंचायत बसना, तिलकराम पटेल अध्यक्ष आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह, मिलाप निराला प्रतिनिधि अध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, संतोषी मोहरसाय ओगरे सरपंच ग्राम पंचायत नौगढ़ी, मनोज नंद प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भंवरपुर, अध्यक्ष भारत माता वाहिनी धनापाली भागवती पटेल, विजय कुमार सिंहा, एपी द्विवेदी कार्यालय समाज कल्याण विभाग, राज नारायण शर्मा, गिरधारी पटेल, रूप सिंह सिदार, जयराम सिदार, प्रेमचंद बंजारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा गुरु घासीदास एवं मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ किया गया।




मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह के संस्थापक/ संचालक दुखनाशन प्रधान ने समाज में आपसी सौहार्द व समरसता का संदेश देकर मानव जाति के कल्याण हेतु संघर्ष करने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा मनखे मनखे एक समान का प्रेरक संदेश देने वाले बाबा गुरु घासीदास ने अपने जीवन के प्रमुख सिद्धांतों में नशाखोरी जैसे बुराइयों से दूर रहने का उपदेश दिया। मुख्य अतिथि मोंगरा किशन पटेल द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया जब तक हम स्वयं अपने घर से नशा से दूर रहने का प्रयास न करें तब तक नशामुक्ति का यह कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता।

कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति देवकी पुरुषोत्तम दीवान द्वारा गांव-गांव में कम उम्र के बच्चों द्वारा शराब सेवन की प्रवृत्ति जो बढ़ रही है उस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया सर्वप्रथम बच्चों को नशा से दूर रखने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिलाप निराला, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच ग्राम पंचायत भंवरपुर कृष्ण कुमार सिदार, पंचगण, विजय कुमार सिंहा, एपी द्विवेदी कार्यालय समाज कल्याण विभाग महासमुंद, राज नारायण शर्मा, गिरधारी पटेल रूप सिंह सिदार, जयराम सिदार, प्रेमचंद बंजारा, सचिव ग्राम पंचायत भंवरपुर देवधर चौहान, भुवनेश्वर चौधरी सचिव ग्राम पंचायत नौगढ़ी, ललित भोई सचिव ग्राम पंचायत उमरिया, पुरुषोत्तम दीवान, भारत माता वाहिनी के अध्यक्ष मोली बाई भोई बिछिया, भागवती पटेल धनापाली, रथबाई ओगरे नौगढ़ी, बसंती चौहान लंबर, शुभलता शर्मा भंवरपुर, पंचगण ग्राम पंचायत भंवरपुर एवं ग्रामवासी भंवरपुर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम संचालन पुरुषोत्तम दीवान द्वारा किया गया।

**जयंती : बाबा गुरु घासीदास जयंती पर डॉ. अग्रवाल शोभायात्रा में हुए शामिल**

# सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही होगा जनकल्याण : विधायक संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- विधायक ने श्रद्धालुओं का किया स्वागत, फल वितरण कर बाबा के 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश को किया याद

सत्य और अहिंसा के प्रतीक, सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर बसना विधानसभा क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। इस अवसर पर बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सतनामी समाज द्वारा आयोजित भव्य शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर बाबा के चरणों में नमन किया।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल सतनामी समाज के भव्य चल समारोह और शोभा यात्रा में विशेष रूप से शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने समाज के प्रबुद्ध जनों और श्रद्धालुओं के साथ कदम से कदम मिलाकर पदयात्रा भी की। विधायक ने मार्ग में जगह-जगह



श्रद्धालुओं का वंदन एवं अभिनंदन किया। अपनी सेवाभावी छवि के अनुरूप विधायक डॉ. अग्रवाल ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच फल वितरण कर उनका उत्साह बढ़ाया। शोभा यात्रा के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का जो अमर संदेश दिया है, वह आज के समय में पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने समाज से ऊंच-नीच और भेदभाव को मिटाकर प्रेम और भाईचारे की स्थापना की।

विधायक डॉ अग्रवाल ने आगे कहा कि बाबा की शिक्षाएं हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। सतनाम का अर्थ ही सत्य है, और जो व्यक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है, उसका जीवन स्वतः ही कल्याणकारी बन जाता है। आज बाबा की जयंती पर हम संकल्प लें कि हम उनके बताए हुए सत्य, अहिंसा और दया के मार्ग पर चलेंगे। बसना क्षेत्र में हम सभी समाज के लोग मिलकर उन्नति और प्रगति की नई इबारत लिखेंगे। सफेद ध्वज (जैतखाम के प्रतीक) और बाबा गुरु घासीदास की जय के जयकारों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने जैतखाम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, भाजपा नेता रामचंद्र अग्रवाल, नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, जनपद पंचायत पिथौरा अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद पंचायत बसना उपाध्यक्ष मोहित पटेल, पार्षद प्रतिनिधि निर्मलदास, विकास वाधवा, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा, अभय धृतलहरे, विजय पटेल, सतनामी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# महासमुंद मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए हॉस्टल सुविधा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री केदार कश्यप से आत्मीय मुलाकात की। भेंट के दौरान डॉ. चोपड़ा ने



महासमुंद मेडिकल कॉलेज के छात्रों को आ रही छात्रावास संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए वन विभाग के प्रशिक्षण छात्रावास को छात्रों के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

डॉ. चोपड़ा ने वन मंत्री को बताया कि महासमुंद मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र वर्तमान में उचित आवास व्यवस्था न होने के कारण काफी परेशान हैं। कई छात्र शहर के दूर-दराज के इलाकों में रहने को मजबूर हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और आवागमन में कठिनाई हो रही है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि यदि महासमुंद वन विभाग के प्रशिक्षण छात्रावास को मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है, तो भटक रहे छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी और वे एकाग्रता के साथ अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकेंगे। डॉ. चोपड़ा के अनुरोध पर वन मंत्री केदार कश्यप ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने मौके पर ही पीसीसीएफ (प्रधान मुख्य वन संरक्षक) से फोन पर चर्चा की और इस दिशा में यथासंभव सहयोग करने के निर्देश दिए। मंत्री कश्यप ने आश्वस्त किया कि शासन स्तर पर छात्रों की सुविधा के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। डॉ. चोपड़ा ने कहा यदि वन विभाग का यह हॉस्टल उपलब्ध हो जाता है, तो छात्रों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और वे एक ही स्थान पर सुरक्षित छात्रावास का लाभ ले सकेंगे।

## नेशनल हेराल्ड का केस फर्जीः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि नेशनल हेराल्ड का केस फर्जी है। मोदी-शाह द्वारा कांग्रेस पार्टी को डराने की साजिश है, लेकिन हम सत्य की आवाज लिए लड़ते रहेंगे। तानाशाह ईडी जैसी सरकारी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर हमें झुका नहीं सकती। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि ने यह भी आरोप लगाया कि गांधी परिवार को परेशान करने के लिए राजनीतिक प्रतिशोध के तहत यह मामला दर्ज कराया गया है। आगे कहा कि जांच एजेंसियों का कैसे दुरुपयोग किया जाता है, 'नेशनल हेराल्ड' मामला इसका एक प्रमाण है। नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष



की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही है। यह निर्णय सत्ता के अहंकार और बदले की राजनीति पर करारा प्रहार है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपाइयों पर तंज करते हुए कहा कि भाजपाई यह बात कान खोलकर सुन लें इन हथकंडों से न हम डरेंगे, न झुकेंगे। कांग्रेस पार्टी सत्य, संविधान और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हर संघर्ष, हर आंदोलन और हर लड़ाई लड़ने को पूरी तरह तैयार है।

# उज्जैन में शिक्षाशिल्पी सम्मान से सम्मानित हुईं शिक्षिका लीनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला की शिक्षिका लीनू चंद्राकर को उनके उत्कृष्ट शिक्षा में योगदान के लिए शिक्षा शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया। मौनतीर्थ मंगलनाथ मार्ग उज्जैन में ब्रह्मलीन मौनीबाबा के 116वें श्रद्धापर्व पर 5वें राष्ट्रीय अधिवेशन में मौनतीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन मध्यप्रदेश, एमडी एजुकेशन सोसायटी सरायपाली छत्तीसगढ़ (पंजीकृत संस्था) व कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी सह सम्मान कार्यक्रम शिक्षा शिल्पी रिफ्लेक्ट द पर्सेनालिटी ऑफ टीचर्स नेशनल कांफ्रेंस कम अवार्ड सेरेमनी का आयोजन 13-14 दिसंबर 2025 को मौनतीर्थ पीठ चित्रकूट गंगाघाट मंगलनाथ मार्ग उज्जैन में डॉ. पीआर वासुदेवन शेष सेवानिवृत्त वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (भारत सरकार) चेन्नई (तमिलनाडु) के मुख्य आतिथ्य, डॉ. नंदलाल मणि त्रिपाठी पीतांबर



ज्योतिष व धर्मशास्त्र के समसामयिक लेखक गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) की अध्यक्षता, डॉ. संदीप गाँधी कुलसचिव कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर (छत्तीसगढ़), अमित पुरोहित मौनतीर्थ पीठ के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भूमिका विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान अपने शोध आलेख प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में शिक्षण कार्य, कुशल प्रबंधन, योजना निर्माण, शिक्षा सुविधा, नेतृत्व, नियंत्रण के साथ एक सुविधादाता के रूप में एक अच्छे शिक्षक के कर्तव्य व उत्तरदायित्व का निर्वहन किस प्रकार किया जाए विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 21 शिक्षकों को शिक्षाशिल्पी सम्मान, 8 शिक्षकों को शिक्षा शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए उन्हें भारत स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष येतराम साहू सहित समस्त पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, समग्र शिक्षा एडीपीओ प्रमोद कुमार कन्नौजे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम एवं शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

# नगर में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अमर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम कृषि मंत्री रामविचार नेताम छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय के पास महासमुंद में भूमिपूजन हुआ।

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला महासमुंद एवं 52 गढ़ गोंड समाज महासमुंद तथा समस्त आदिवासी समाज महासमुंद (छग) के तत्वावधान में 18 दिसंबर को अमर शहीद वीर नारायणसिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम महासमुंद नगर के तहसील कार्यालय के पास हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री रामविचार नेताम, विशिष्ट अतिथि रूप सिंह मंडावी अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग छत्तीसगढ़, चंद्रहास चंद्राकर अध्यक्ष छग बीज विकास निगम, अध्यक्षता योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, विशेष अतिथि निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत, दिशा रामस्वरूप दीवान अध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, आरएन ध्रुव प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, कमलेश ध्रुव अध्यक्ष केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़, ऐतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नगर पालिका, ईश्वरी भोई पार्षद वार्ड नं.15 मौजूद रहे। मंच संचालन महेश कुमार ध्रुव ने किया। कार्यक्रम में थान सिंह दीवान दीवान, एसपी ध्रुव, शिव कुमार ध्रुव, एमएल ध्रुव, राधेश्याम ध्रुव, भुवनेश्वर ध्रुव, जयलाल ध्रुव, सरजू ध्रुव, सनकादिक ध्रुव, राज कुमार ध्रुव, प्रेम सिंह गोंड, बाबू लाल ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# व्याख्याता पदोन्नति को लेकर डीपीआई के अधिकारियों से मिला एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की अगुवाई में एवं प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, जिला सचिव नंदकुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, भोपाल बंजारा, विजय दीवान के नेतृत्व में सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से मुलाकात करके एवं ज्ञापन सौंपकर 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद देते हुए सभी संवर्ग के शेष पदोन्नति प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने, टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप / पुनर्विचार याचिका दायर करने, पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण करने का ज्ञापन सौंपा। चर्चा में उपसंचालक लोक शिक्षण आशुतोष चावरे व उप संचालक एएन बंजारा, सहायक संचालक एचसी दिलावर, सहायक संचालक एडी कुर्रे ने कहा कि अभी प्राथमिकता से प्राचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति करने, व्याख्याता पदोन्नति व रायपुर संभाग में प्रधान पाठक पदोन्नति पर कार्ययोजना बनाया जा रहा है, टीईटी के विषय में शिक्षक घबराएं नहीं, बल्कि उनके हित में ही विभाग है, अभी जल्दबाजी की बात नहीं है। अन्य सभी मांग पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शेष रिक्त प्राचार्य के पदों पर शीघ्र पदोन्नति दी जाए। प्राचार्य के 10 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा आयोजित किया जाए। व्याख्याता ई संवर्ग के पदों पर पदोन्नति लंबित है, रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया अविलंब पूर्ण की जाए। प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक), शिक्षक तथा प्रधान



पाठक (प्राथमिक शाला) के सभी जिले के रिक्त पदों पर कलेंडर तय कर पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने निर्देश जारी की जाए। टीईटी अनिवार्यता के संबंध में मांग किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक से सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था, अतः सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक पहल किया जाए। पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। जिसमें एल बी संवर्ग के शिक्षकों की पूर्व सेवा गणना करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन निर्धारण, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन व क्रमोन्नति / समयमान का जनरल आर्डर जारी करने के लिए मांग पत्र दिया गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्लूए/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28/02/2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का जनरल आर्डर जारी करने की मांग की गई। रायपुर संभाग में पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर एक भी बार पदोन्नति नहीं होने का उल्लेख करते हुए मांग रखा गया है कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत शिक्षक एलबी ई संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर प्रदेश के अन्य चार संभागों में सत्र 2021- 22 से 2-3 चरण में किया जा चुका है व आज पर्यंत किया जा रहा है, किंतु रायपुर संभाग में शिक्षक ई संवर्ग की पदोन्नति लंबित है। एसोसिएशन ने प्रधान पाठक ई संवर्ग की पदोन्नति शीघ्र करने की मांग की। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

## पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक कलेक्टर कॉलोनी में किया जा रहा है। दानेश्वर सिन्हा एवं अनिता सिन्हा द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों को योग जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ध्यान तथा रोगानुसार योग अभ्यास कराया गया। महिला पतंजलि योग समिति द्वारा बताया गया कि इस निःशुल्क पाँच दिवसीय योग शिविर में कॉलोनीवासी एवं महासमुंद जिले के सभी निवासी भाग लेकर इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में योग के साथ-साथ आयुर्वेद, आहार चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, जड़ी-बूटी परिचय, घरेलू उपचार एवं एक्यूप्रेशर संबंधी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके माध्यम से मोटापा, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, माइग्रेन, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, मधुमेह, डिप्रेशन एवं कब्ज जैसी समस्याओं के निदान हेतु योग आधारित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता साहू, जिला प्रभारी सुमति साहू, संरक्षिका कुमुदिनी साव, जिला महामंत्री पूनम पटले, कोषाध्यक्ष कुंती देवांगन, संवाद प्रभारी नूपुर श्रीवास्तव, तहसील प्रभारी कमला रोतिया, भारत स्वाभिमान न्यास के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले सहित दानेश्वर सिन्हा, अनीता सिन्हा, नागेश्वरी साहू, प्रियंका साहू, नरोत्तम चक्रधारी, चेतन ठाकुर, दुबे कुमार पटेल, टिकेश्वरी दीवान, ओमलता साहू, शंकरलाल, रमा चंद्राकर, पुष्पांजलि दीवान, जया जोशी, हेमलता ठाकुर, कुलेश्वरी भारद्वाज, सकल साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सलिहाभांठा स्कूल में बच्चों ने सजाया हटरी, चाइनीज पकौड़े, गुलगुला भजिया के साथ बेचे सब्जी

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के बच्चों द्वारा संस्था के प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर के मार्गदर्शन में हटरी लगाया गया। इसमें बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ स्वयं से तैयारी करते हुए सामानों की व्यवस्था कर हटरी में बेचा। कुछ बच्चों ने समूह में तो कुछ ने अकेले ही अपना दुकान सजाया था। इसमें बच्चों द्वारा अपने बाड़ी की सब्जी, आलू-प्याज, भिंडी, केला, मूंगफली, मक्का भेल, गुलगुला भजिया, बड़ा, चाइनीज़ पकौड़ा, लड्डू, बिस्किट, नड्डा और गेंदे से बना हार आदि का दुकान लगाए थे। गांव के लोगों ने इस हटरी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जमकर खरीददारी की। लोग बड़े ही उत्साह के साथ बच्चों के साथ मोलभाव करते दिखे। कुछ पालक बच्चों की मदद भी करते देखे गए। बच्चे भी मजे के साथ हिसाब-किताब में जुड़े रहे। लोगों ने बच्चों से सामान खरीदने में अधिक पैसों की भी परवाह नहीं किए। हटरी के समापन पर बच्चे अपनी मेहनत का फल पाकर बड़े खुश लग रहे थे। साथ ही पालक भी अपने बच्चों जिम्मेदारी को देखकर काफी उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। गांव के लोगों ने बच्चों से खूब खरीदारी की। इस हटरी को सफल बनाने में शिक्षक रामेश्वर ढीढी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पिरीत राम साहू, बिसनी बाई दीवान, हेमलता ध्रुव, पंचराम ध्रुव, पूर्णिमा दीवान, धनेश्वरी निषाद, अभिषेक दीवान, गुलाब ध्रुव, आशाराम ध्रुव, भोजराम साहू के साथ ही पालकों एवं गांव के लोगों का भरपूर सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### शंकर नगर में श्रीमद भागवत कथा 25 से

**महासमुंद**। स्थानीय कबीर बाड़ा शंकर नगर में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक किया गया है। जानकारी देते हुए सुशीला लखन लाल चंद्राकर ने बताया कि भागवत कथा का बखान बीकेबाहरा निवासी डिगेश्वर प्रसाद तिवारी करेंगे व परायणकर्ता गोपाल प्रसाद तिवारी होंगे। 25 दिसंबर को कलश यात्रा, गौकर्ण कथा, गौरी पूजन, 26 को वारह अवतार, कपिल अवतार, 27 को सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह, 28 को ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार, 29 को वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, 30 को दही लूट, रासलीला, रूकमणि विवाह, 31 को तुलसी वर्षा, शोभायात्रा आदि होगा।

### भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री बनीं सविता

**महासमुंद**। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि सक्रिय महिला कार्यकर्ता जिला पंचायत की दो बार की सदस्य एवं उद्योग की सभापति सविता चंद्राकर को भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा में मंत्री नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।



### दलदली में श्रीराम चरित मानस यज्ञ 24 से

**महासमुंद**। नगर से 10 किलो दूर स्थित धार्मिक स्थल दलदली में 11 दिवसीय 24 दिसंबर से 3 जनवरी तक श्रीराम चरित मानस अष्ठोत्तर शत महायत्र का आयोजन किया जा रहा है। छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर होने वाले यज्ञ का यह 56वां वर्ष है। यज्ञाचार्य पं. पंकज तिवारी साराडीह होंगे तथा मुख्य जजमान मारकंडेय चंद्राकर होंगे। 24 को जल यात्रा से मंडप प्रवेश होगा। 25 को अग्नि स्थापना, परायण एवं यज्ञ प्रभारंभ होगा। परायण पाठ का विश्राम 2 जनवरी को होगा तथा 3 जनवरी को पूर्णाहूति, प्रसादी होगा। 26 दिसंबर से प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक प्रवचन होगा। प्रवचनकर्ता हरदयाल उपाध्यय मुंगेली तथा शकुंतला देवी लोहारी होंगे। मानस यज्ञ समिति दलदली ग्राम उमरदा में लोगों से इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील करते हुए यज्ञ के लिए घी, तिल व अन्य सामग्रियों के दान की अपील की है।

## रबी फसल: किसानों को नगद राशि एवं परमिट पर गेहूं बीज भी बांटे

# केशवा जलाशय से रबी फसल के लिए किसानों व अधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

केशवा नाला जलाशय चरौदा बांध के विश्राम गृह में कृषकों एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें चरौदा बांध, मरार कसहीबाहरा, पड़कीपाली, तेलीबंधा, हाड़ाबंद, मामा-भांचा,पचेड़ा, कोसरंगी, सिरगिड़ी, नावाडीह के कृषक शामिल हुए। इस बैठक में उपस्थित सब डिवीजन अधिकारी सिंचाई ऋषभ चंद्राकर, इंजीनियर सिंचाई विभाग मुकेश ने किसानों को रबी फसल पर दलहन-तिलहन एवं धान की फ़सल लगाने पर चर्चा की गई। साथ ही विभागीय अधिकारियों ने शासन प्रशासन से बात कर शीघ्र बांध से जल्दी पानी छोड़ने की बात कही गई।

### दलहन तिलहन एवं धान फसल के लिए निर्धारित किया गया रकबा

चरौदा-150 एकड़, म.क.बाहरा-200 एकड़, तेलीबंधा-50 एकड़, हाडाबंद-100 एकड़, पचेड़ा-100 एकड़, कोसरंगी-100 एकड़ की फ़सल परदलहन तिलहन एवं धान के लिए पानी दिए जाने की मांग को लेकर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख रूप से मुकेश कुमार चंद्राकर सब डिवीजन, ऋषभ चंद्राकर सब इंजीनियर, नारायण सिंह ठाकुर सरपंच चरौदा बांध, युवराज साहू, विजय साहू, तोषण साहू, शुभम साहू, एमके बाहरा के कमल नारायण साहू पूर्व सरपंच, ग्राम प्रमुख देवक राम साहू, ढेलू चंद्राकर, देवचरण पटेल, सालिक राम साहू, पूरन पटेल, मिलराम साहू, तोमश चंद्राकर, तिलक पप्पू साहू, नेमलाल साहू, पड़कीपाली चोवा राम ध्रुव, दानी राम ध्रुव, तेलीबंधा डिमान सेन, नेमीचंद, मामाभांचा-घनश्याम साहू, धनसाय साहू, अश्वनी कन्नौजे, जीवराखन साहू, पचेड़ा से किसान सेवक राम साहू, झामू राम पटेल, रामेश्वर ध्रुव, सखाराम साहू, बलीराम, अशोक साहू,नावाडीह से किसान अश्वनी साहू, धीरजू ध्रुव, मंशा राम, रामदयाल, ईश्वर दीवान, नेतराम दीवान, कोसरंगी से सुरेश साहू सरपंच, डीके लाल साहू, संतोष कुमार, तुलाराम, घनश्याम निषाद, लाल साहू, द्वारिका, हीराधर, बेदराम, बहादुर लाला साहू अन्य कृषकगण उपस्थित रहे।



**खास बातें**

- सिंचाई विभाग के अधिकारी हुए शामिल, धान के अलावा गेहूं, सरसो, उड़द मूंग जैसे दलहन-तिलहन की फ़सल लगाने पर दिया गया जोर
- ग्राम चरौदा, एमके बाहरा, पड़कीपाली, मामाभांचा, तेलीबांधा, पचेड़ा, कोसरंगी के किसान होंगे लाभन्वित, बैठक में जुटे अनेक गांवों के किसान

### गेहूं, मूंग, सरसो बीज बांटे

बैठक में उपस्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा के प्रबंधक जयप्रकाश साहू के मुताबिक जिला प्रशासन की ओर से क़ृषि विभाग ने किसानों को दलहन तिलहन की तरफ आकर्षित करने के लिए नगद एवं परमिट पर गेहूं बीज, मूंग बीज, सरसो बीज उपलब्ध कराई गई है, जिसका उपयोग कर किसान कम पानी वाली जगहों पर इसकी बोनी कर सकते हैं। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रियंका साहू ने अधिक से अधिक जगहों पर गेहूं, सरसो, मूंग, मूंगफली की फसल लेने की अपील किसानों से की है।

# आधार कार्ड के लिए बच्चे दर-दर की ठोकरें खाने मजबूर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- मां की मृत्यु व पिता के मानसिक विकलांग के चलते आधार कार्ड से वंचित
- केन्द्र व राज्य सरकार की योजना का नहीं मिल रहा लाभ

विकासखंड के वनांचल क्षेत्र से आधार कार्ड से जुड़ी एक अत्यंत संवेदनशील और मानवीय घटना सामने आई है। माता-पिता के न होने के कारण दो नाबालिग बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है, जिससे वे केंद्र व राज्य सरकार की किसी भी योजना व राशनकार्ड का भी लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहा हैं। इस समस्या से बच्चों के साथ-साथ उनके बुजुर्ग नाना-नानी भी गंभीर रूप से परेशान हैं।

स्थानीय प्रतिनिधि ने इस मामले में आधार गाइड सतपथी से विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान आधार गाइड ने बताया कि रोशनी बंसोड एवं रोशन बंसोड की माता का निधन हो चुका है। माता के मृत्यु के पश्चात पिता भी मानसिक रूप से विकलांग हो गए और घर छोड़कर अज्ञात कहीं चले गए, जिसके कारण बच्चों की देखरेख अब उनके नाना-नानी कर रहे हैं। आधार कार्ड न होने के कारण बच्चों को राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। आधार बनवाने के लिए जब बच्चों की 15 वर्षीय बड़ी बहन को हेड ऑफ फैमिली (परिवार प्रमुख) बनाकर आवेदन किया गया, तो वह आवेदन भी बार-बार रिजेक्ट हो जा रहा है, जिससे समस्या और अधिक जटिल हो गई है। एक जिम्मेदार आधार गाइड होने के नाते इस संवेदनशील प्रकरण के निराकरण के लिए यूआईडीएआई एवं संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से पूरे मामले की जानकारी भेजी गई है। फिलहाल, अधिकारियों के जवाब का इंतजार किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर यह मांग उठ रही है कि विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नियमों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि ऐसे बेसहारा बच्चों का आधार शीघ्र बनाया जा सके और उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त मूलभूत अधिकार एवं सुविधाएं मिल सकें।



## हुलसी ने की पैरादान की अनूठी पहल

**महासमुंद**। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने धान के अवशेष (पैरा) को जलाने या व्यर्थ छोड़ने के बजाय उसे गौ-माता की सेवा के लिए दान किया। स्वयं पैरादान करने के साथ ही हुलसी ने क्षेत्र के किसानों और आम जनमानस से भी इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा है कि किसान अपने खेतों के पैरा का दान गौशालाओं, गौधाम में करें, ताकि बेसहारा और आश्रित गौ-वंश को पौष्टिक चारा मिल सके। हुलसी चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि, गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। पैरादान करने से न केवल गौ-माता की भूख मिटेगी, बल्कि खेतों में पैरा जलाने से होने वाले प्रदूषण पर भी रोक लगेगी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी संस्कृति और जीव-दया के संकल्प को निभाएं।

# सेजेस में कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने बनाई फ्रूट चाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पीएमश्री सेजेस बसना में कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण अध्ययन विषय के अंतर्गत "फूड वी ईट" पाठ को रोचक एवं व्यवहारिक बनाने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों ने स्वयं विभिन्न ताजे, मौसमी और पौष्टिक फलों का चयन कर स्वादिष्ट फ्रूट चाट तैयार की।

इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ एवं संतुलित आहार के महत्व से अवगत कराना, स्वच्छता की आदतों को विकसित करना तथा भोजन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करना रहा। फलों को धोने, काटने, मिलाने एवं परोसने की प्रक्रिया के दौरान बच्चों ने साफ-सफाई, टीम वर्क और अनुशासन का भी अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन मार्गदर्शक कमला पटेल ने किया, जिन्होंने बच्चों को फलों के पोषक तत्वों, विटामिन्स तथा स्वास्थ्य लाभों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी।



बच्चों ने बड़े उत्साह और खुशी के साथ इस गतिविधि में भाग लिया। कार्यक्रम का निर्देशन जी साहू प्राचार्य पीएमश्री सेजेस द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधि-आधारित शिक्षा से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यावहारिक ज्ञान का विकास होता है। इस आयोजन में एचआर साहू (प्रधान पाठक), ए. सोना, एम. साहू, एस प्रधान, जी. वैष्णव एवं एस. सामल का सक्रिय सहयोग रहा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी मीडिया प्रभारी योगेश बढ़ाई द्वारा निभाई गई। विद्यालय परिवार ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ जीवनोपयोगी शिक्षा प्रदान की जाती रहेगी।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषण चौपाल का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में समुदाय आधारित गतिविधि सुपोषण चौपाल के माध्यम से गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को उचित स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित सकारात्मक व्यवहारों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया।

महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक (प्रशासनिक प्रभारी सरायपाली) ने महिलाओं को पोषण आहार से जुड़ी जानकारी दी। परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास राम सिंग मिरी द्वारा बताया गया कि एक महिला के लिए इस समय के दौरान अच्छा पोषण, प्यार, देखभाल और शुरुआती सीखने के अनुभव उन्हें एक स्वस्थ, स्मार्ट और खुशहाल व्यक्ति बनने में मदद कर सकते हैं। जीवन के पहले 1000 दिनों पर विशेष जोर दिया है, जो वास्तव में किसी भी बच्चे के लिए जादुई खिड़की है।





## बिरकोनी स्कूल में छात्राओं ने अपने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी में कक्षा छठवीं की छात्राएं किरण साहू एवं रितिका ध्रुव के जन्मदिन पर नेवता भोज का आयोजन हुआ। जिसमें खीर, पूड़ी और मिक्चर, बिस्किट, चॉकलेट का वितरण किया। प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी ने कक्षा में चल रहे स्मार्ट क्लास की उपयोगिता, समसामयिकी, जानकारी व बच्चों को निरंतर प्रगति कार्य करने की प्रेरणा दिए। इस अवसर पर देवचरण साहू प्रधान पाठक, सेल सोनवानी, द्रौपदी दीवान, शारदा जोशी, रचना साहू, संगीता साहू, धनेश्वरी प्रजापति, मेघा ध्रुव, अनंत कुमार ध्रुव, मुकेश प्रजापति मौजूद रहे।

## छतवन में बाबा गुरु घासीदास की जयंती आज

**महासमुंद**। ग्राम छतवन में संत शिरामणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती 19 दिसंबर शुक्रवार को मनाई जाएगी। सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे ज्योत कलश एवं गद्दी स्थापना, दोपहर 12 बजे शोभायात्रा, शाम 4 बजे पूजा अर्चना व ध्वजारोहण कार्यक्रम, शाम 5 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन होगा। वहीं रात्रि 10 बजे से जय महावीर लोक कलामंच जोबा अरंड का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम टंडन, राजमहंत पीएल कोसरिया, अठगवां समिति अध्यक्ष तरूवर कोसरिया, समाज सेवक साहेब दास खरे, राजमहंत वीएल प्रभाकर, अध्यक्ष मोतीलाल लहरे, सचिव रूपधर प्रभाकर, उपाध्यक्ष भारत लाल प्रभाकर, कोषाध्यक्ष चैतराम कोसरिया एवं छड़ीदार यूसूफ डहरिया होंगे। संचालक भुनेश्वर, अजय, राजकुमार, युवराज प्रभाकर ने समाज के लोगों को कार्यक्रम में अधिक संख्या में शामिल का अनुरोध किया है।



## महाविद्यालय में गुरु घासीदास जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम



**सरायपाली**। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में यूके बरिहा (प्राध्यापक नोडल) एवं शब्या पटेल (आइक्यूएसी प्रभारी) के मार्गदर्शन में तथा डॉक्टर झरना साव, अनिल कुमार तांडी, अंकित यदु एवं पीतांबर बाघ के नेतृत्व में समानता, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में मद्य निषेध दिवसके तारतम्य में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-सूरज कुमार कन्हेर(एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र) एवं द्वितीय स्थान-राखी चौधरी (बीए भाग 3) तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-सूरज कुमार कन्हेर (एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र) एवं द्वितीय स्थान-ऋतु चौधरी (बीए भाग 3) प्राप्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### अग्निवीर शिवम का गृहग्राम झलप में हुआ स्वागत

**महासमुंद**। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद द्वारा संचालित निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से भारतीय सेना में चयनित हुए अग्निवीर शिवम शर्मा का प्रथम आगमन पर अभिनंदन किया गया। सिकंदराबाद में आर्टिलरी कोर का कठिन प्रशिक्षण पूरा कर अपने गृहग्राम झलप लौटने पर ग्रामीणों और पूर्व सैनिकों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।



### कृषि विभाग में विधायक प्रतिनिधि बने संदीप, सौंपा नियुक्ति पत्र

**महासमुंद**। कृषि विभाग में विधायक प्रतिनिधि के रूप में संदीप घोष को नियुक्त किया गया है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि घोष महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता निभाएंगे। कृषि विभाग से संबंधित किसानों की समस्याओं को दूर कर निराकरण करने का कार्य भी करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, शरद मराठा, आकाश पांडे, पंकज जैन, अभिषेक पांडे उपस्थित रहे।



### चिरायु टीम ने किया स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**पिथौरा (ग्रामीण)**। ग्राम गोपालपुर स्थित दसवां पारा प्राथमिक शाला में स्वास्थ्य विभाग के चिरायु टीम ने स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की एक-एक कर जांच की गई तथा जिन बच्चों को आवश्यकता थी, उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। चिरायु टीम द्वारा बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ वजन, लंबाई, आंख, दांत एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किए गए। स्वास्थ्य टीम ने बच्चों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक किया। विद्यालय के शिक्षकों एवं पालकों ने चिरायु टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# महासमुंद-बलौदा बाजार सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- बागबाहरा एवं भाटापारा महाविद्यालय का विजयी आगाज

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत मिनी स्टेडियम सुनसुनिया में बलौदाबाजार-महासमुंद सेक्टर स्तरीय क्रिकेट मैच का आयोजन 18 दिसंबर 2025 से प्रारंभ किया गया। इसमें बलौदाबाजार एवं महासमुंद जिले के 10 महाविद्यालय के क्रिकेट टीम भाग ले रहे है। पुल ए के सभी मैच मिनी स्टेडियम महासमुंद एवं पुल बी के सभी मैच मिनी स्टेडियम बागबाहरा में आयोजित किया जा रहा है। पुल बी में शासकीय महाविद्यालय पिथौरा और शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के बीच पहला मैच खेला गया, जिसमें बागबाहरा महाविद्यालय ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पिथौरा महाविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 91 रन बनाकर बागबाहरा को 92 रन बनाने का लक्ष्य दिया। बागबाहरा कॉलेज ने 8 विकेट खोकर 11 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त को प्राप्त किया। इस मैच में बागबाहरा के सागर ठाकुर मेन ऑफ द मैच रहे, जिन्होंने आलराउंड खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 11 रन देकर 3 लिया एवं बल्लेबाजी में नाबाद रहकर 25 गेंद में 35 रन बनाया। पुल ए में पहला मैच आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय महासमुंद विरुद्ध भाटापारा के बीच खेला गया। महासमुंद की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 93 रन ही बना पाई। भाटापारा की टीम ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। कुणाल साव 24 गेंद पर 46 रन नाबाद को मैंन ऑफ द मैच से नवाजा गया। मैच के अंपायर सतीश शुक्ला एवं उज्ज्वल राजपूत रहे। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि देवेश साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा, अध्यक्षता संजय अग्रवाल युवा उद्योगपति एवं विशेष अतिथि भोजनाथ देवांगन अध्यक्ष एलुमनी एसोसिएशन, पुष्पेंद्र चंद्राकर, कमलेश चिंदा, आलोक द्विवेदी, योगेश चिंदा, दिनेश अग्रवाल, शैलेश साहू, जगदेव प्रसाद साहू एवं अख्तर खान वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित रहे। मैच में पिथौरा से ईश्वर पटेल प्रभारी क्रीड़ाधिकारी, बागबाहरा से पालन कुमार दीवान क्रीड़ाधिकारी, गजानंद बुडेक सहायक प्राध्यापक एवं कॉमेंटेटर, जगदेव प्रसाद साहू शिक्षक आत्मानंद स्कूल बागबाहरा उपस्थित रहे।

